1 भाषा क्या है?

(What is Language?)

घर पर

माँ अपने बेटे को बोलकर उठ जाने को कह रही है। बेटा सुनकर जवाब दे रहा है।

विद्यालय में पहला दिन

अध्यापिका सवाल पूछ रही है और छात्र सुनकर जवाब दे रहा है।

खिलौनों की दुकान में

बच्चा कुछ सोच रहा है और दुकानदार उसकी पसंद पूछ रहा है।



बच्चा दुकानदार को इशारा करके अपनी बात समझा रहा है।

बच्चो! आपने देखा कि इन चित्रों में अलग-अलग तरीके से बातचीत की गई है। माँ-बेटे तथा अध्यापिका-छात्र का आपस में सवाल-जवाब करना, बच्चे का सोचना और इशारा करके अपनी बात दुकानदार को समझाना – यह सब भाषा ही है।

आओ दोहराएँ

- बच्चो! आपने सीखा कि पूछना, बताना, सोचना, समझना और समझाना भाषा ही है।